A Cipla INITIATIVE

breathefree

# टफ़ीस

चलो ढंन-ता-डा

भारत के पीडियाट्रिशन के साथ सह-निर्मिति

# लापता ट्रॉफी का मामला!

## रहस्य नं. 3




सूचना: चित्रित कहानी काल्पनिक है। यहां दर्शाए गए पात्र और विवरण पूर्णतः काल्पनिक है और केवल उदाहरण के लिए है, वास्तविक मरीज़ के नहीं।

# मिलिए टफ़ीस से

टफ़ीस पहल बच्चों में बेहतर श्वसन सम्बंधित देखभाल को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। दमा जैसी चिरकालीन सांसों की बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को अपनी बीमारी से ऊपर उठने के लिए प्रेरित करते हुए, और उनके माता-पिता को उन्हें इसमें सहायता देने के लिए सशक्त बनाने में मदद करते हुए - टफ़ीस ने एक ऐसी दुनिया बनाने का संकल्प लिया है जहां दमा बच्चों को उनकी पूरी क्षमता को प्राप्त करने से रोक नहीं सकता।

तो रहें मजबूत, लें सुकून की साँस और जीयें ढंन-ता-डा!




मिलिए विक्की से, जो 8 साल का है, और दमा के साथ जी रहा है, जिसकी उड़ान भरी कल्पनाएं हैं और जिसे जासूसी कथाओं का बहुत शौक है! वह विलासपुर में रहता है और अपने पसंदीदा, जासूस तलाश की तरह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ जासूस बनने का सपना देखता है। लेकिन एक समस्या है - जब विक्की थक जाता है, तनावग्रस्त होता है या दमा का दौरा पड़ने के बारे में चिंतित होता है, तो उसे किसी भी पहेली को सुलझाने में कठिनाई होती है। खुशकिस्मती से, उसके दोस्त और साथी मिस्टर पफ्फी की मदद से, विक्की फिर ठीक हो जाता है और अपने ठोस अंदाज़ में वापस आ जाता है!




मिलिए मिनी से, विक्की की बेहद बहादुर ५ साल की छोटी बहन! वह तेज-तर्रार व चतुर है और हमेशा अपने भाई को रहस्यों को सुलझाने में मदद करने के लिए उत्सक रहती है। मिनी भले ही छोटी है, पर उसमे एक साहसिक भावना है और वह विक्की को निडर और सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करती है। जब वे साथ हैं उन्हें कोई नहीं रोक सकता मुश्किल जासूसी पहेलियों का सामना करने से और रोमांचपूर्ण सफर पर जाने से।




मिलिए गुल्लू से, विक्की का बड़ा, मजबूत और कभी-कभी बेढंगा दोस्त। वह खुशी से विक्की और मिनी के साथ उनकी रोमांचक जासूसी कारनामों में शामिल होता है और उन्हें पहेलियों को हल करने में मदद करता है। कभी-कभी उसकी गलतियां सभी को परेशानी में डाल देती हैं, लेकिन उसकी ताकत हमेशा समस्याओं से भाहर निकलने में मदद करती है।




मिलिए मिस्टर पफ्फी से, विक्की का भरोसेमंद साथी। यह नन्हा शक्तिशाली साथी हमेशा विक्की के साथ होता है, जो हमेशा तैयार है विक्की को हिम्मत देने के लिए, ताकि वह किसी भी चुनौती का सामना कर सके। मिस्टर पफ्फी के साथ, विक्की को 'ढंन-ता-डा' जीवन जीने से कोई नहीं रोक सकता।





टफ़ीस ई-कॉमिक बुक को डाउनलोड करने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें

कृपया अधिक जानकारी के लिए विजिट करें: **www.breathefree.com/tuffies**

# लापता ट्रॉफी का मामला!



ऐन्युअल दिवस के पहले दिन विलासपुर प्राइमरी स्कूल उत्साह से भर जाता है। स्कूल का गीत बजता है।
ANNUAL DAY
राज और समीर लड़ रहे हैं।
ढिशूम!!
राज समीर की ओर घूरता है और चला जाता है।
समीर? क्या हुआ? तुम ठीक हो?
कुछ नहीं हमेशा की तरह, राज मुझे फिर से धमका रहा था।
तुम जाकर प्रिंसिपल से इसकी शिकायत क्यों नहीं करते?
हम्म्म... राज को किसी दिन अपना सबक मिलेगा।
ऐन्युअल दिवस के दूसरे दिन। तीनों ने अपने कप्तान अर्जुन को रोते हुए और बेचैनी से कुछ ढूंढते हुए देखा। वे उसके पास जाते हैं।
अरे नहीं!
कहाँ गई?


क्या हुआ अर्जुन?
क्या ढूंढ रहे हो?
रेस ट्रॉफी! मुझे मिल नहीं रही है। इसके लिए मैं जिम्मेदार था।
अगर जिम टीचर को पता चल गया तो मेरी कप्तानी छीन सकती है।
चिंता मत करो, अर्जुन। हम उसे ढूंढने में तुम्हारी मदद करेंगे।
बिल्कुल! उस चमकदार ट्रॉफी के बिना रेस अधूरी होगी।
चलो इसे 'लापता ट्रॉफी का मामला' कहें।
जब विक्की हो साथ, चिंता हो खल्लास।
स्कूल के मैदान में।
भैया, बिना किसी सुराग के हम ट्रॉफी कैसे ढूंढेंगे?
हमें सीसीटीवी फुटेज को देखना चाहिए, हमें वहां कुछ सुराग मिल सकता हैं।
चलो ढंन-ता-डा



स्कूल के सीसीटीवी निगरानी कमरे में।
वो देखो! हरा जैकेट और बैंगनी टोपी वाला, वो लड़का ट्रॉफी लेकर चुपचाप जा रहा है, जबकि हर कोई राष्ट्रगान में व्यस्त है!
हम्म्म... ये बैंगनी रंग वाली टोपी जानी-पहचानी लग रही है।
मैंने उसे हर वक़्त बैंगनी टोपी पहने देखा है।
विक्की, ये तो राज है।
ये राज है, इसमें कोई शक नहीं, भैया। वह ट्रॉफी के लिए बहुत लालची है।
विक्की एक बार फिर सीसीटीवी फुटेज देखता है।
हम्म... दाल में कुछ काला है।
स्कूल के मैदान में।
ये आया फुस-फुस। लगता नहीं ये कभी रेस कर पायेगा।
तुम बस देखते रहो, वह जल्द ही तुम्हें रेस में हरा देगा।
अच्छा है! अपनी लड़ाई अपनी बहन को लड़ने दो।
क्या तुम्हे हमेशा इन्हेलर की आवश्यकता होती है?
अगर मैं इन्हेलर का उपयोग करूं तो क्या मैं तेज़ दौड़ सकता हुं और राज को हरा सकता हूं?
नहीं, यह उस तरह से काम नहीं करता। मेरा इन्हेलर तेज़ दौड़ने के लिए नहीं है।
मेरा इन्हेलर मुझे अचानक अस्थमा के दौरे को रोकने मे मदद करता है। अपने डॉक्टर द्वारा बताए अनुसार मैं इसका उपयोग करता हूं।


रेस से १ घंटा पहले।
विक्की मैं थक गया हूँ। मुझे बहुत भूख लगी है, और हमें अभी भी ट्रॉफी नहीं मिल रही है।
गररररर
हाँ भैया... एक घंटे में रेस शुरू होगी।
हम क्या करेंगे?
आइडिया
क्यों ना हम राज का लॉकर देखे? चलो लॉकर रूम में।
तुम दोनों जाओ लॉकर रूम में। मैं थोड़ी देर में तुम दोनों से मिलता हूँ।
फिर...
नया केस। कैसा चल रहा है?
पूफ
राज बदमाशी करता है, लेकिन उसे अपनी छवि की बहुत परवाह है।
वह एक अद्भुत खिलाड़ी है और हमेशा रेस जीतता है। तो वह ट्रॉफी क्यों चुराएगा? ऐसा लगता है जैसे मैं पहेली का एक टुकड़ा भूल रहा हुँ।
बस शांत रहो और जब सब कुछ बहुत स्पष्ट लगे तो ध्यान रखो।
हमारा मंत्र याद है?
सांस अंदर लो और दस तक गिनो, सांस बाहर छोड़ो और संदेह को जाने दो।


हाँ! मैं समझ गया! यही बात होगी।
लॉकर रूम में।
राज, हमें ये ट्रॉफी तुम्हारे लॉकर में मिली।
तुमने ट्रॉफी क्यों चुराई!
चलो इसे प्रिंसिपल के पास ले जाते हैं। इसे सज़ा मिलनी चाहिए।
क्या? मैं ट्रॉफी क्यों चुराऊंगा?
मैं तो वैसे भी यह ट्रॉफी जीतने ही वाला था।
रुको! तो तुम्हारी बैंगनी टोपी और हरी जैकेट कहाँ है?
कुछ दिन पहले अभ्यास के दौरान मेरी टोपी खो गई थी।
मेरे पास हरा जैकेट नहीं है। और मुझे हरा रंग बिल्कुल पसंद नहीं है।
आआहहहहह!
समीर, मैंने तुम्हें हरे जैकेट में देखा है।


क..क्क..क्या तुम मुझ पर आरोप लगा रहे हो?
व..वी..विक्की, तुम्हें जासूस किसने बनाया?
समीर, अगर तुम्हें कोई दिक्कत न हो तो क्या तुम अपना लॉकर खोल सकते हो?
क्या? मेरा लॉकर क्यों?
उसमें कुछ भी नहीं है।
समीर ने अपना लॉकर खोला। उसकी किताब और बैग के साथ हरी जैकेट और टोपी भी वहां रखी थी।
समीर, ये सब तुमने किया!!!!
मैंने फिर से सीसीटीवी देखा था, तुम सुबह की असेंबली में नहीं थे। तभी मुझे संदेह हुआ।
फ्लैशबैक
राज और बाकी सभी लोग वहां थे, और ट्रॉफी चुराने वाला लड़का बिल्कुल समीर जैसा ही लग रहा था।
जो कुछ उस दिन हुआ उससे मैं परेशान था।
राज को सभी को धमकाने के लिए सज़ा मिलनी चाहिए।
समीर, तुमने चोरी का आरोप मुझ पर लगा दिया?
और मिनी, तुम्हें ऐसा क्यों लगा कि मैंने ट्रॉफी की चोरी की है?



मुझे माफ़ कर दो राज।
समीर तुम सही कह रहे हो, लेकिन तुमने जो तरीका अपनाया वो गलत है।
राज को शर्म आती है।
और राज तुम इस बार बच गए।
यदि तुमने दोबारा किसी को धमकाने की कोशिश की, तो मैं तुम्हें प्रिंसिपल के पास ले जाऊंगा।
राज और सभी लोग मुझे माफ कर देना। मैं कभी भी ट्रॉफी चुराना नहीं चाहता था।
मुझे भी माफ कर देना दोस्तो, मुझे अपनी गलती का एहसास हो गया है।
दोस्ती में ये सब तो होता रहता है।
अरे, सुनो सुनो! रेस के बारे में क्या?
देखते हैं कौन रेस जीतता है।
केस हल हो गया


रेसिंग प्रतियोगिता में।
समीर ने राज को हराया और ट्रॉफी को जीत लिया।
FINISH
हुर्रे
समीर, मुझे लगता है तुमने राज को सबक सिखा दिया है।
उसे सिखाने का यही सही तरीका है; जिस तरह से तुमने पहले किया वो गलत था।
हाँ विक्की तुम सही कह रहे हो।
मैं रेस हार गया।
बाद में।
शाबाश विक्की! तुमने केस को सुलझा लिया और ट्रॉफी के पीछे के असली चोर का पर्दाफाश कर दिया! और साथ ही, तुमने इस साल रेस में भाग लिया। मुझे तुम पर और भी अधिक गर्व हो रहा है!
धन्यवाद, पफ्फी! ऐसा इसलिए है क्योंकि मैं डॉक्टर की सलाह के अनुसार नियमित रूप से अपने इन्हेलर का उपयोग करता हूं।
रहस्य सुलझाना अच्छा है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इससे भी अच्छा क्या है? एक दूसरे के प्रति नेक रहना और नेकी करना। असली ट्रॉफी तो दोस्ती है, और यह किसी भी रेस या रहस्य से अधिक मूल्यवान है। आइए हम सब नेकी करने वाले चैंपियन बनें।
समाप्त।

A **Cipla** INITIATIVE

breathe free

# टफ़ीस

चलो ढंन-ता-डा

## सभी सुपर माता-पिता को बुलावा!

क्या आपके युवा चैंपियन ने अपनी विजय की भावना से चुनौतियों पर विजय प्राप्त की है?

दुनिया को प्रेरित करने के लिए तैयार हो जाइए!

अपने बच्चे की बहादुरी और जीत की वीरतापूर्ण कहानी साझा करें! उनकी कहानी लकी हो सकती है शामिल होने के लिए टफ़ीस कॉमिक बुक में | जिससे पता चलेगा है कि वास्तविकता में चैंपियन कितने अद्भुत हैं!

**आपको बस यह करना है:**

- रजिस्टर करने के लिए QR Code को स्कैन करें
- सभी डिटेल्स भरें
- अपने बच्चे की कहानी लिखें
- कंसेंट फॉर्म स्वीकार करें

युवाओं के उत्साह का जशन मनाने में हमारे साथ शामिल होइये - क्योंकि उनके व्दारा पार की गई प्रत्येक चुनौती उनकी अविश्वसनीय यात्रा में एक रोमांचक अध्याय जोड़ती है!

अस्थमा से सबंधित और टफ़ीस के बारे में अधिक जानने के लिए, मिलें
https://www.breathefree.com/tuffies/

breathefreeworld Breathefree @breathefreetv




DISCLAIMER: The content has been developed and designed by (I-realities Technology Private Limited) for Cipla Ltd. This information is for the purpose of awareness only, not intended nor implied to be a substitute for professional medical advice, diagnosis, or treatment. Please consult your doctor/ healthcare professional before starting any treatment/medicine/ inhaler. The CIPLA mark and logo are the sole intellectual property of Cipla Limited.

Note: The story depicted is based on hypothetical cases. Characters and details represented here is purely fictional and is for illustrative purposes only. Not for Actual patients. Do consult your doctor for more information regarding your condition.

SCAN QR CODE TO DOWNLOAD TUFFIES E-COMIC BOOK

# सिप्ला के साथ, भारत ले खुलके सांस।*




**अपनी दशा के बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने डॉक्टर के साथ परामर्श करें**

Disclaimer: The content in this booklet has been developed and designed by [i-realities Technology Private Limited] for Cipla Ltd. Information in this literature is for the purpose of awareness only, not intended nor implied to be a substitute for professional medical advice, diagnosis, or treatment. Please consult your doctor/ healthcare professional before starting any treatment/medication/ inhaler. Cipla makes every effort to provide information that is accurate and timely but makes no guarantee in this regard. Although great care has been taken in compiling and checking the information, the authors, agency and its associates or agents, and sponsors shall not be responsible, or in any way liable for any errors, omissions or inaccuracies in this publication whether arising from negligence or otherwise, however, or for any consequences arising therefrom. No part of this may be reproduced, transmitted, or stored in any form or by any means either mechanically or electronically without prior permission. The CIPLA mark and logo are the sole intellectual property of Cipla Limited.

*Cipla helps patients with respiratory conditions breathe free by equipping them with a range of therapeutic solutions like inhalers, spacers, nebulizers, nasal sprays, and syrups.